भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3538

उत्तर देने की तारीख: 16.03.2020

कुड्डालोर में जवाहर नवोदय विद्यालय

†3538. श्री टी॰आर॰वी॰एस॰ रमेशः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की कुड्डालोर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में नवोदय विद्यालय स्कूल खोलने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो उक्त विद्यालय खोलने के लिए कुल कितना बजट आवंटित किया गया है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) खोलने की परिकल्पना की गई है। योजना के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य, जिसने अभी योजना को स्वीकार नहीं किया है, के जिलों को छोड़कर देश के सभी जिले (31.05.2014 की स्थिति के अनुसार) कवर कर लिए गए हैं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****